धौलपुर में दीपावली की रात परिवार के तीन सदस्य कुएं में कूदे, पिता-पुत्र की मौत, पत्नी बची

भरतपुर से पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए

धौलपुर, (निसं)। धौलपुर में दीपावली की रात जमीन विवाद के चलते एक ही परिवार के तीन सदस्यों के कुएं में कूदने की घटना में पिता-पुत्र की मौत हो गई। वहीं मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी रामकिशन यादव पुलिस जाब्ते के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और बिना देरी किए रेस्क्यू ऑपरेशन की कमान संभाली। पुलिस जवानों की मदद से कुएं में फंसे परिवार के सदस्यों को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया गया। इस दौरान 55 वर्षीय सरोज को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि सुरेश उर्फ पप्पू और उनके बेटे इंद्रेश को अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को भरतपुर से पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए।

- **मृतक के बड़े बेटे राजेश के मुताबिक उनके खेत से लगी मंदिर की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था, 10 दिन से पिता परेशान चल रहे थे**

जानकारी के अनुसार दीपावली की रात सुरेश उर्फ पप्पू खेत में टहल रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अचानक कुएं में छलांग लगा दी। पिता को कुएं में कूदता देख उनका छोटा बेटा इंद्रेश और पत्नी सरोज भी कुएं में कूद गए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी रामकिशन यादव पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया और पुलिस जवानों की मदद से कुएं में सीढ़ियां डलवाईं। एक जवान को पानी में उतारकर रस्सी की सहायता से 55 वर्षीय सरोज पत्नी सुरेश को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद पिता-पुत्र को भी कुएं से निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों के शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए।

मृतक के बड़े बेटे राजेश के मुताबिक उनके खेत से लगी मंदिर की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। मंदिर ट्रस्ट की ओर से उनकी जमीन के कुछ हिस्से पर दावा किया जा रहा था। इस मामले को लेकर न्यायालय में भी मुकदमा चल रहा था। राजेश ने बताया कि पिछले करीब 10 दिनों से उनके पिता परेशान चल रहे थे। परिवार की ओर से जमीन विवाद में मानसिक उत्पीड़न के आरोप भी लगाए गए हैं। मृतक की पत्नी सरोज ने बड़े बेटे राजेश के माध्यम से मंगलवार सुबह कोतवाली थाने में परिवाद दिया है। परिवाद में आरोप लगाया कि पति सुरेश उर्फ पप्पू के पूर्वजों की खातेदारी जमीन को हड़पने की नीयत से भू-माफिया और मंदिर के पुजारी ने मुकदमा शुरू कराया था। वर्ष 2019 में राजस्व बोर्ड से फैसला होने के बाद पति हाईकोर्ट जयपुर में अपील करने गए थे। आरोप है कि महंत हनुमानदास सहित लोचन सिंह गुर्जर, सीपी पंडित, महेश गुप्ता और संजय पहलवान घर आए और हाईकोर्ट में अपील नहीं करने का दबाव बनाया। परिवाद के अनुसार आरोपियों ने पति से अपील के बजाय राजस्व बोर्ड में रिव्यू पेश करवाया और षड्यंत्रपूर्वक जमीन का बंटवारा भी करा दिया।

सरोज ने परिवाद में आरोप लगाया कि करीब 10 महीने पहले आरोपियों ने उनके पति को खेत में बच्चों के कारोबार के लिए निर्माण कराने की सलाह दी थी। इसके बाद पति की करीब 40 लाख रुपए की जमा पूंजी निर्माण कार्य में लगवा दी गई। परिवार का आरोप है कि जमीन विवाद और लगातार चल रही मुकदमेबाजी के चलते सुरेश मानसिक तनाव में थे। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों और आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। दीपावली की रात घटना के बाद कार्यवाहक सीओ धर्म सिंह मीणा और कोतवाली थाना प्रभारी रामकिशन यादव पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे थे।

थाना प्रभारी रामकिशन यादव ने तत्काल रेस्क्यू की कार्रवाई शुरू करवाते हुए पुलिस जवानों के सहयोग से कुएं में फंसे तीनों लोगों को बाहर निकलवाने के प्रयासों का नेतृत्व किया। इस दौरान महिला सरोज को सुरक्षित बचाने में पुलिस को सफलता मिली। मंगलवार को भरतपुर से पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस परिवाद, जमीन विवाद, न्यायालयीन प्रकरण और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है।

कोटा में पटाखों से झुलसे 200 लोग अस्पताल पहुंचे

कोटा, (निसं)। रोशनी के त्योहार दीपावली पर लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान पटाखे और दीयों से झुलसने की घटनाएं भी हुई। कोटा शहर में सरकारी और निजी अस्पतालों में झुलसने के 200 से ज्यादा मामले आए। मरीजों में कुछ के चेहरे पर बर्न व कुछ के हाथों में पटाखे फट गए। चिकित्सकों ने मरीजों का प्राथमिक उपचार व ड्रेसिंग की है जबकि दो मरीजों को गंभीर रूप से झुलसने पर अस्पताल में भर्ती किया गया है। इसी प्रकार 50 से ज्यादा केस ऐसे भी आए हैं, जिनमें आंख के नजदीक पटाखा फटने पर आंख झुलस गई है या फिर कॉर्निया में प्रॉब्लम आई है।

- **मरीजों में कुछ के चेहरे पर बर्न व कुछ के हाथों में पटाखे फट गए थे**

मेडिकल कॉलेज कोटा में सर्जरी विभाग अध्यक्ष और सीनियर प्रोफेसर डॉ. नीरज देवेंदा ने बताया कि 70 मामले एमबीएस हॉस्पिटल में आए हैं। इनमें से कैथून निवासी 10 वर्षीय बच्चे को गंभीर हालत में भर्ती किया है। कपड़ों पर दीपक का गरम तेल गिरने से कमर और पैर के हिस्से झुलस गए थे। उसका बर्न यूनिट में इलाज चल रहा है। इसी प्रकार मेडिकल कॉलेज में आधा दर्जन के आसपास ही केस आए थे। डॉ. देवेंदा ने बताया कि एक अन्य 10 वर्षीय बालक के हाथ में बड़ा पटाखा चल गया था, जिससे उसका हाथ झुलस गया है। वह उंगलियों पर टूथपेस्ट लगाकर आया था, ऐसा नहीं करना चाहिए। मेडिकल कॉलेज में नेत्र रोग के विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. अशोक मीणा ने बताया कि 20 के आसपास केस आए हैं। इनमें 5 साल के छोटे बच्चों से लेकर 45 साल तक के लोग आए। 5 साल के बच्चे की आंख के नजदीक पटाखा फूट गया था। जिससे उसकी आंख के आसपास सूजन आ गई है और हल्का असर रोशनी पर भी हुआ है। एक अन्य मरीज आया था जिसके आंख के नजदीक पटाखा फूट गया था उसके नाक के ऊपर टांके भी लगे हैं और दोनों आंखों की रोशनी पर भी असर आया है। ऐसे ही अन्य दूसरे मरीज भी थे। हालांकि इन मरीजों को भर्ती करने की आवश्यकता नहीं हुई। इनमें से अधिकांश की आंखों में बारूद चला गया था, जिसे निकालने में थोड़ा समय लगेगा। उपचार के साथ ही यह सामान्य होंगे।

हिंडौन सिटी में झुलसी विवाहिता की मौत

हिंडौन सिटी, (निसं)। बरेड़ी का पुरा में सोमवार रात आग से झुलसी विवाहिता की मौत के मामले में उसके पिता ने दहेज हत्या की शिकायत दर्ज कराई है। महिला को जिला अस्पताल से रेफर किया गया था। नई मंडी थाना प्रभारी नरेश पोषवाल मंगलवार को मौके पर पहुंचे। करौली से आई एफएसएल टीम ने भी सबूत जुटाए।

- **पिता ने पति और ससुराल वालों पर बाइक मांगने का आरोप लगाया, शिकायत दर्ज कराई**

थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के पिता मुकेश योगी, निवासी भोंटवाड़ा, ने पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दी है। शिकायत के मुताबिक, मुकेश की बेटी नीलम की शादी मई 2023 में रामवीर पुत्र जगन्नाथ, निवासी बरेड़ी का पुरा, हिण्डौन सिटी से हुई थी। पिता का आरोप है कि शादी के करीब एक साल बाद ससुराल में नीलम को मारना-पीटना शुरू कर दिया गया। पिता ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले नीलम से बाइक मांग रहे थे। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह यह मांग पूरी नहीं कर सके। शिकायत के अनुसार, सोमवार रात करीब 9 बजे पिता की नीलम से वीडियो कॉल पर बात हुई थी। मंगलवार सुबह करीब 3 बजे नीलम के ससुराल के एक पड़ोसी ने पिता को उसकी जलने से मौत की सूचना दी। पिता का आरोप है कि ससुराल वालों ने अंतिम संस्कार भी कर दिया और उन्हें मौत की जानकारी नहीं दी। पिता ने कहा कि उनके नाथ समाज में मृत्यु के बाद अग्नि संस्कार के बजाय समाधि दी जाती है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस मामले की जांच डीएसपी करेंगे।

मंडी थाना और महू पुलिस चौकी का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इस दौरान वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उनका कहना था कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक जाम नहीं हटाया जाएगा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मारपीट में युवक का कान काट खाया

जोधपुर, (कासं)। शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित रामनगर गेंवा के पास में एक युवक से कुछ लड़कों ने मारपीट की। मारपीट करने के साथ उसका एक कान आरोपी ने दांतों काट चबा दिया। पीड़ित इससे लहूलुहान हो गया। उसने चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में कुछ नामजद युवकों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि लोडियाना विजय नगर अजमेर हाल रामनगर निवासी रामप्रसाद पुत्र मोहनलाल रैगर की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि रात को वह गेंवा रामनगर से निकल रहा था। तब सुजाराम, नारायणराम, मंगलाराम आदि ने उससे मारपीट की, साथ ही आरोपियों ने उसका एक कान

उदयपुर में सड़क, जल और बिजली व्यवस्था सुदृढ़ीकरण की दिशा में कई कार्य हुये

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में दिसंबर 2023 में प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद विकास और आधारभूत ढांचे को गति देने पर विशेष जोर रहा है। इसी क्रम में उदयपुर शहर में भी सड़क एवं यातायात व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट्स को आगे बढ़ाया गया। दिसंबर 2023 से अक्टूबर 2026 तक की अवधि में शहर के व्यस्त मार्गों पर यातायात दबाव कम करने, कनेक्टिविटी बेहतर बनाने और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप सड़क नेटवर्क विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं।



- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गत 18 अगस्त को उदयपुर के लिए 38 पीएम ई-बसों का शुभारम्भ किया**
- **शहर में यातायात को सुगम बनाने के लिए 136.89 करोड़ रूपए की लागत से उदयपुर की पहली एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य आगे बढ़ा**

शहर के व्यस्ततम मार्गों पर यातायात को सुगम बनाने के लिए 136.89 करोड़ रूपए की लागत से उदयपुर की पहली एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य इस अवधि में तेजी से आगे बढ़ा है। करीब 2.7 किलोमीटर लंबी यह एलिवेटेड रोड सिटी रेलवे स्टेशन से शुरू होकर उदियापोल, सूरजपोल, दिल्ली गेट और कलैक्ट्रेट चौराहा होते हुए कोर्ट चौराहा के आगे कलैक्टर निवास तक बनाई जा रही है। इस परियोजना की खासियत यह है कि कलैक्ट्री चौराहे के पास चिकित्सालय रोड की ओर जाने वाले वाहनों के लिए अलग निकास की सुविधा भी विकसित की जाएगी। इससे महाराणा भूपाल चिकित्सालय जाने वाली एंबुलेंस तथा मरीजों को शहर के व्यस्ततम चौराहों पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से काफी राहत मिल सकेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गत 18 अगस्त को उदयपुर के लिए 38 पीएम ई-बसों का शुभारम्भ किया। अक्टूबर माह में 38 पीएम ई-बसों में 241368 शहरवासियों और पर्यटकों ने 205655 किमी यात्रा की। विदेशी पर्यटकों ने भी प्रधानमंत्रीजी की इस पहल का अभिनन्दन किया।

हाईवे और प्रमुख सड़कों का विस्तार-शहर से जुड़े प्रमुख मार्गों की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रतापनगर से बलीचा के बीच 11.5 किलोमीटर लंबे नेशनल हाईवे-8 के चौड़ीकरण का कार्य भी प्रमुखता से आगे बढ़ाया गया है। आहड़ नदी पर बने हाई लेवल ब्रिज के चौड़ीकरण के साथ भुवाणा-अंबेरी रोड और रानी रोड के सुदृढ़ीकरण पर भी विशेष बजट खर्च किया गया है।

बाईपास और लिंक रोड से घटा दबाव :- एकलिंगपुरा एनएच-8 बाईपास पर अंडरपास निर्माण तथा उदियापोल से चित्तौड़गढ़ रोड को जोड़ने वाली लिंक रोड के विकास से शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात का दबाव कम करने में मदद मिली है। इन कार्यों से शहर के भीतर यातायात के वैकल्पिक मार्ग मजबूत हुए हैं।

स्मार्ट मोबिलिटी को भी बढ़ावा-उदयपुर को आधुनिक और स्मार्ट शहर के रूप में विकसित करने के लिए 272.32 करोड़ रूपए के नए विकास कार्य प्रस्तावित एवं संचालित किए जा रहे हैं। इनमें शहरी परिवहन, मोबिलिटी में सुधार तथा कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को मजबूत करने जैसे कार्य शामिल हैं। इस प्रकार सड़क सुदृढ़ीकरण, नए मार्गों के विकास, हाईवे विस्तार और स्मार्ट मोबिलिटी से जुड़े कार्यों ने उदयपुर के शहरी परिवहन तंत्र को नई दिशा दी है। आने वाले समय में इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के साथ शहरवासियों को और अधिक सुगम, सुरक्षित और निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलने की उम्मीद है।

दिसंबर 2023 में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार बनने के साथ प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के दीर्घकालिक विस्तार पर जोर दिया गया। उदयपुर में इसका एक महत्वपूर्ण पक्ष जल और विद्युत जैसी मूलभूत जरूरतों को भविष्य की मांग के अनुरूप मजबूत करना रहा है। दिसंबर 2023 से अब तक शहर की जल सुरक्षा और बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य आगे बढ़ाए गए हैं।

युवती को कार में बैठाकर ले जाने का आरोप, घर से जेवर भी गायब

अजमेर, (निसं)। जिले के भिनाय थाना क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने और घर से करीब छह लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण गायब होने का मामला सामने आया है। युवती के परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर उसे अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- **पड़ोसी युवक पर युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया**

पुलिस के अनुसार आठ नवंबर की सुबह परिजनों को युवती घर पर नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने घर में रखे सामान की जांच की तो सोने के टॉप्स, सोने की कंठी, चांदी की कनकती और पायजेब भी गायब मिले। इन आभूषणों की कुल कीमत करीब छह लाख रुपए बताई गई है। परिजनों ने युवती की आस-पास तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इसी दौरान परिजनों को पता चला कि पड़ोस में रहने वाला एक युवक भी घर से गायब है। परिजनों ने पुलिस को दी रिपोर्ट में आरोप लगाया कि युवक रात करीब 3:30 बजे युवती को कार में बैठाकर ले गया। उसके साथ घर में रखे गहनों की थैली भी ले जाने का आरोप लगाया गया है। परिजनों का यह भी आरोप है कि जब उन्होंने युवक के परिवार से इस संबंध में जानकारी लेने का प्रयास किया तो उनके साथ गाली-गलौच की गई। इसके बाद नौ नवंबर को भिनाय थाने में लिखित शिकायत दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की तलाश और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है।

ड्यूटी पर तैनात जवानों के बीच पहुंचे एसपी

बूंदी, (निसं)। दीपावली के पर्व पर जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के बीच पहुंचकर उनके साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर कानून-व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा में मुस्तैदी से तैनात जवानों को मिठाई के पैकेट भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एसपी शर्मा ने पुलिस जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पुलिसकर्मी त्योहारों पर भी अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखते हुए आमजन की सुरक्षा के लिए तत्पर रहते हैं।

कूलर स्क्रैप के बाड़े में अचानक आग लगी, हादसा टला

बीकानेर, (निसं)। यहां दीपावली के जश्न के बीच रानीसर बास में आगजनी की घटना से अफरा-तफरी मच गई। यहां कूलर स्क्रैप के एक बाड़े में अचानक आग लग गई। आग की लपटें दूर तक दिखाई देने लगी। इससे आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पटाखों से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। क्षेत्र के लोगों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटें तेज होती चली गई। करीब सौ फीट ऊंचाई तक आग की लपटें नजर आई। आग लगने के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए।

- **पटाखों की चिंगारी से हादसा होने की आशंका, कोई जनहानि नहीं**

सूचना मिलते ही नगर निगम की एक के बाद एक कुल चार दमकलें मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए प्रयास शुरू किए। आग की लपटें देखकर क्षेत्र के लोग दीपावली का जश्न बीच में छोड़कर मौके पर पहुंच गए। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लोगों में आग को लेकर चिंता और अफरा-तफरी का माहौल रहा। आग से मौके पर पड़ा कूलर का अधिकांश स्क्रैप जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि इस समय किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। आग के आसपास के मकानों से लोग बाहर निकल आए। घटना की सूचना मिलने पर पार्षद विक्रम सिंह राजपुरोहित, अनूप गहलोत और अयूब कायमखानी भी मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह पटाखों की चिंगारी मानी जा रही है, हालांकि वास्तविक कारण की पुष्टि नहीं हुई है।

महिला का मंगलसूत्र चोरी

सादुलपुर, (निसं)। सादुलपुर में दिनदहाड़े अज्ञात चोर महिला के गले में पहना 2 तोला सोने का मंगलसूत्र चोरी कर फरार हो गए। रेबारीबास गांव निवासी महिला निर्मला पत्नी संजय मेघवाल ने पुलिस थाना राजगढ़ में रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए परिवाद दिया है। परिवाद के अनुसार निर्मला सात नवम्बर को घर से बाजार में घरेलू सामान खरीदने के लिए गई थी। करीब एक बजे वह पुरानी डीएसपी कोठी के कॉर्नर के पीछे वाले बिल्लू मॉल में गई। करीब दो बजे के लगभग सामान खरीदकर बाहर निकली तो उसने देखा कि उसके गले में पहना हुआ सोने का मंगलसूत्र, जिसका वजन करीब 2 तोला है।, कोई अज्ञात चोर मॉल के अन्दर उसके गले से तोड़कर ले गया।

दो युवक अपने घर की छतों से गिरे, दोनों की मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर में अलग-अलग स्थानों पर दो युवक अपने घरों की छत से गिर गए। अस्पताल में उपचार के बीच उनकी मौत हो गई। एक वृद्ध महिला ने खुद पर केरोसीन डाल कर आग लगा दी। उसकी भी मौत हो गई। जबकि एक युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि गुजरावास खुर्द के रहने वाले श्यामलाल पुत्र नारायणराम प्रजापत ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका चचेरा भाई गुजरावास खुर्द निवासी 36 वर्षीय भींयाराम पुत्र ओमाराम सात नवंबर को घर की छत से गिर गया था। पता लगने पर बाद में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई उपरांत परिजन के सुपुर्द किया। इधर खाण्डा फलसा पुलिस ने बताया कि चांदणा भाखर देवी रोड के रहने वाले जालमपुरी पुत्र मूलपुरी ने रिपोर्ट दी कि उसका रिश्तेदार खतेनियो का तला, गिड़ा बालोतरा निवासी नारायणपुरी पुत्र रूपपुरी उम्मेद अस्पताल के पास में घर की छत से गिर गया। घायल होने पर अस्पताल ले जाया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई।

इधर भगत की कोठी पुलिस ने बताया कि मधुबन हाउसिंग बोर्ड एरिया में रहने वाली 77 साल की एक वृद्धा ने 6 नवंबर को अपने गाउन पर केरोसीन उड़ेल लिया, फिर मोमबत्ती से खुद को आग लगा दी। वृद्धा के गंभीर रूप से घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वृद्धा की अस्पताल में बाद में मौत हो गई। उसकी पुत्री ने मर्ग की रिपोर्ट दी। दूसरी तरफ बागड़ों की ढाणी कांकाणी निवासी सुरेश ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकु शी कर ली। परिजनों को पता लगने पर उसे फंदे से उतार कर अस्पताल ले जाया गया। मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। मृतक के भाई राजूराम ने मर्ग की रिपोर्ट दी।

केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बीएसएफ जवानों के साथ दीपावली का पर्व मनाया

बीकानेर, (निसं)। केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने हर साल की भाँति इस बार भी जिला मुख्यालय स्थित बीएसएफ हेडक्वार्टर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। इस अवसर

- **बीएसएफ अधिकारियों ने बुके भेंट कर केंद्रीय मंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया**



बीकानेर में केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बीएसएफ जवानों को मिठाई खिलाई।

पर उन्होंने जवानों के साथ फुलझड़ियां जलाकर दीपोत्सव की खुशियां साझा कीं। वहीं, 'जोत से जोत जलाते चलो, प्रेम की गंगा बहाते चलो' गीत गाकर जवानों में उत्साह और उमंग का संचार किया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि बीएसएफ के जवान देश की सीमाओं की मुस्तैदी से सुरक्षा कर रहे हैं, तभी देशवासी शांति और सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना पा रहे हैं। उन्होंने जवानों के समर्पण, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय मंत्री एवं बीएसएफ अधिकारियों व जवानों द्वारा पूजा-अर्चना के साथ हुई। इससे पूर्व बीएसएफ अधिकारियों ने बुके भेंट कर केंद्रीय मंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। दीपावली के उल्लासपूर्ण माहौल में बीएसएफ के जवानों ने भी केंद्रीय मंत्री के साथ उत्साहपूर्वक पर्व मनाया। मेघवाल ने जवानों को लड्डू खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाया और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कार्यवाहक डीआईजी नवीन मोहन शर्मा, कमांडेंट विक्रम कुंवर, द्वितीय कमान अधिकारी प्रकाश सुरीन सहित बीएसएफ के अधिकारी, जवान एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। इनके अलावा डॉ. सत्य प्रकाश आचार्य, गुमान सिंह राजपुरोहित, एवं एडवोकेट अशोक प्रजापत भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन डिप्टी कमांडेंट सातार खान ने किया।

पवन ऊर्जा संयंत्रों से केबल चोरी की वारदात का खुलासा, दो आरोपियों को पकड़ा

जैसलमेर, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे के निर्देशन में मोहनगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पवन ऊर्जा संयंत्रों से केबल चोरी की दो वारदातों का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ एवं अनुसंधान के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। प्रकरण में जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार 7 नवंबर को सुजलोन कंपनी में चौकीदार के रूप में कार्यरत अलीशेर खां निवासी हड्डा ने पुलिस थाना मोहनगढ़ में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि अज्ञात चोरों ने 2 नवंबर को पवन ऊर्जा विद्युत संयंत्र संख्या केडी-84 तथा 6 नवंबर को संयंत्र संख्या केडी-33 से केबल काटकर चोरी कर ली। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

वारदात की गंभीरता को देखते हुए मोहनगढ़ थानाधिकारी गुमानसिंह भाटी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने आसूचना संकलित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों वारदातों का खुलासा किया तथा दो आरोपियों को दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस ने प्रकाश बालोचा (31) पुत्र प्रहलाद राम, निवासी सोनू, थाना रामगढ़, अरुण (21) पुत्र खाखुराम, निवासी सोनू, थाना रामगढ़ को गिरफ्तार किया है।

कोटा का सक्रिय अपराधी बूंदी में गिरफ्तार

बूंदी, (निसं)। सदर थाना पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए कोटा शहर के सक्रिय अपराधी सूरज वाल्मिकी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध धारदार बटनदार चाकू और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि दीपावली पर्व एवं पंचायतीराज चुनावों के मद्देनजर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कोटा का आदतन अपराधी सूरज वाल्मिकी बूंदी में किसी वारदात की फिराक में घूम रहा है। पुलिस टीम ने हाईवे रोड से दोलाड़ा कट, कुवारती मंडी रोड पर उसकी तलाशी ली। इस दौरान उसके कब्जे से अवैध बटनदार चाकू और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इनके संबंध में कोई वैध लाइसेंस नहीं होने पर पुलिस ने दोनों को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सूरज पुत्र जगदीश वाल्मिकी (25), निवासी डीसीएम, इंदिरा गांधी नगर, हीरा किराना स्टोर के पास, थाना उद्योग नगर, कोटा शहर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व में अवैध हथियार रखने और गंभीर मारपीट के मामलों में चालानशुदा है। उसके विरुद्ध 9 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।